प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से, पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तोय सहायता पर पुनर्विचार करने को कहा : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले– पाकिस्तान को आर्थिक सहायता आतंकवाद के वित्तपोषण से कम नहीं।
2. प्रदेश के कई जनपदों में आज निकाली गई तिरंगा यात्रा : केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा– सेना के शौर्य का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर।
3. वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर प्रोजेक्ट का रास्ता साफ : सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को मंदिर के 500 करोड़ रुपये से जमीन खरीदने की दी अनुमति।

और

4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज श्रम और सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक को किया संबोधित : कहा– श्रम कानूनों को सरल बनायें, पर न हो श्रमिकों का शोषण।

———————

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से कहा है कि वो पाकिस्तान को दी जा रही वित्तीय सहायता के बारे में दोबारा विचार करे। गुजरात के भुज में वायुसेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने

कहा कि इस वित्तीय सहायता का बडा हिस्सा पाकिस्तान, आतंकवादी ढांचे को खडा करने में लगायेगा। बाइट....

*आईएफ द्वारा जो की एक इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन उसके द्वारा इनडायरेक्ट फंडिंग से नहीं माना जाएगा। मैं दुनिया के लोगों के सामने ये सवाल रखना चाहता हूं कि आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता टैरर फंडिंग से कम नहीं है। भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ, पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर की असिस्टैंस पर वे पुनः विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से आईएमएफ परहेज करे।*

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इसने देश–विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है। बाइट....

*समस्त हिंदुस्तानियों को चाहे वो भारत के रहने वाले हों, अथवा दुनिया के दूसरे देशों में रहने वाले हों। सभी गौरवानवित हुए हैं। भारतीय वायुसेना के लिए सिर्फ 23 मिनट यह काफी हैं पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने की और वो आपने करके दिखाया। यह कहना गलत नहीं होगा जितनी देर में लोग नाश्ता पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया।*

रक्षा मंत्री ने कहा कि वायुसेना को पाकिस्तान में स्थित आतंकी ढांचे का सफाया करने में मात्र 23 मिनट लगे। उन्होंने कहा कि हमारी वायुसेना पाकिस्तान के हर कोने में पहुंचने में सक्षम है और ऑपरेशन सिंदूर से यह साबित भी हो चुका है। बाइट....

*साथियों ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्टसंदेश दे दिया है कि हमने शांति के लिए जितना अपना दिल खोल कर रखा है शांति कोनष्ट करने वालों की*

*विरुद्ध उतना ही अपना हाथ भी खोल कर रखा है एक और बात में यहां साफ कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, जो कुछ भी हुआ वो सिर्फ एक ट्रेलर मात्र था। अब जब भी सही समय आयेगा हम पूरी पिक्चर भी दुनिया को दिखाएंगे।*

————————————

**आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच आकाशवाणी समाचार ने विशेष श्रंखला शुरू की है। आज हम परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडे को स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने करगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक रिपोर्ट....**

उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के निवासी कैप्टन मनोज कुमार पांडेय ने राष्ट्र रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया और उन्हें फर्स्ट बटेलियन ग्यारहवीं गोरखा राइफल्स में लफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त किया गया। कैप्टन पांडेय ने ऑपरेशन विजय के दौरान हमेशा आगे बढ़कर अपने सैनिकों का नेतृत्व किया और जुबरटॉप जैसो कई चोटियों पर दोबारा कब्जा किया। उनके शब्द अगर मेरे खून का सबूत देने से पहले मौत आती है, तो मैं कसम खाता हूं कि मैं मौत को मार डालुंगा। उनके अटूट दृढ संकल्प और साहस की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति थी। दो और तीन जुलाई 1999 की रात को खालुवाल की ओर बढ़ने के दौरान जब उनकी पलटन अपने अंतिम लक्ष्य के करीब पहुंची तो इसको आसपास की ऊंचाईयों से भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ा। कैप्टन पांडेय ने निडरता से दुश्मन के ठिकाने पर हमला किया और अपनी गंभीर चोटों की परवाह किये बिना उन्होंने अपने जवानों को प्रेरित करते हुए हमल का नेतृत्व करना जारी रखा। कैप्टन पांडेय की इस अनोखी साहसिक कार्य के परिणामस्वरूप अंततः खालुवाल पर कब्जा कर लिया गया। हालांकि वो अपनी चोटों के कारण वीरगति को प्राप्त हुए। कैप्टन मनोज कुमार पांडेय ने दुश्मन के सामने बहादुरी, अदम्य साहस, अनुकरणीय वीरता, उत्कृष्ट नेतृत्व और असाधारण उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा दिखाई और सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्हें

मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

————————

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में आज बदायूं में केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने भारतीय शौर्य तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। वहीं कुशीनगर में प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा और अमरोहा में सांसद चौधरी कंवर सिंह शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।**

**केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाया है। बाइट....**

*भारत के सेना ने यह दिखा दिया है कि हमारी बहन बेटियों के सिंदूर की सिन्दूर की कीमत क्या होती है। क्या होती है ये पाकिस्तान के लोगों ने समझ ली और मुझे कहने में कुछ संकोच नहीं। 22 अप्रैल को जो इन मासूमों के लिए के लिए ये धर्म पूछ कर के उनकी हत्या की गई थी, उनके बच्चों के सामने उनकी पत्नियों के सामने तब मैं कहूंगा की आतंकवादियों के उनके ठिकानों को जीस तरह से हमारी। हमारी सेना सटीक टारगेट करके 100 से अधिक आतंकवादी मारे।*

**केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने बरेली में न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की नमस्ते योजना के तहत सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मियों को पीपीई–किट, आयुष्मान कार्ड एवं सिलाई मशीन का वितरण भी किया।**

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की खंडपीठ ने प्रदेश सरकार को मंदिर के फिक्स्ड डिपॉजिट से 500 करोड़ रुपये की लागत से 5 एकड़ जमीन खरीदने की अनुमति दी है। यह जमीन ठाकुर बांके बिहारी जी के नाम पर रजिस्टर होगी। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 8 नवंबर 2023 को मंदिर के फंड के उपयोग पर रोक लगा दी थी। मथ्ुरा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के कारण परिसर में पार्किंग, धर्मशाला, शौचालय, सुरक्षा चौकियां जैसी कई अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए निर्माण कार्य कराया जाएगा ।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का इस प्रकार सरलीकरण किया जाये, जिससे उद्योगों को सुविधा भी मिले और श्रमिकों का शाषण भी न हो। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कराकर न्यूनतम मानदेय की गारंटी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

———————

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने आज लखनऊ में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और अमृत सरोवर योजना के कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा की।

———————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज लखनऊ में तीन दिवसीय 5वीं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ओपेन राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 का उद्घाटन किया। इस चैंपियनशिप में लखनऊ सहित 40 जिलों के एक हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लें रहे हैं।

———————

प्रदेश के कई जनपदों में आज तेज आंधी के साथ बारिश हुई, जिसके चलते लोगों को लू के थपेड़ों से राहत मिली। कुशीनगर में ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने का अनुमान जताया है। वहीं प्रदेश के पूर्वी इलाकों में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बारिश भी हो सकती है।

(समाप्त)